श्री रामचद्र पथ-गमन न्यास

चर्चा में क्यों?

4 मई, 2023 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई मंत्रि-परिषद ने श्री रामचंद्र पथ-गमन वाले अंचलों के विकास के लिये 'श्री रामचंद्र पथगमन न्यास'के गठन की स्वीकृति दी है।

प्रमुख बिंदु

- इस न्यास में 33 सदस्य होंगे। इसमें 28 पदेन न्यासी और 5 अशासकीय न्यासी सदस्य होंगे। अशासकीय न्यासियों का अधिकतम कार्यकाल 3 वर्ष होगा।
- इस न्यास की गतिविधियों के संचालन के लिये समय-समय पर विशेषज्ञ समितियों का गठन किया जा सकेगा। इस न्यास की संस्थागत व्यवस्था के लिये संस्कृति विभाग सक्षम होगा।
- इस न्यास के सुचारू संचालन के लिये परियोजना प्रबंधन इकाई गठित की जाएगी। इकाई में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कुल 7 पद होंगे।
- इस न्यास की गतिविधियों के संचालन के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित 32 नए पद के सृजन की स्वीकृति दी गई है, जिस पर 1 करोड़ 57 लाख रुपए से अधिक वार्षिक वित्तीय भार आएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/shri-ramchandra-path-gaman-trust